# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 26.11.2025 समय: 07.10PM

<u>मुख्य समाचार</u>

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 हजार दो सौ अस्सी करोड़ रुपये की सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय सूचना प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल.मुरुगन ने आकाशवाणी के उज्जैन केंद्र से प्रसारण का शुभारंभ किया।
- संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान निर्माताओं को अर्पित की श्रद्धांजलि। प्रदेश में भी ली गई संविधान की शपथ।
- भावान्तर योजना के तहत प्रदेश के एक लाख 52 हजार किसानों के खातों में 253 करोड़ रूपये की राशि अंतरित।

<u>मंत्रिमंडल फैसले</u>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 हजार दो सौ अस्सी करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दे दी है। अपनी तरह की इस पहली पहल का उददेश्य देश में हर साल छह हजार मीट्रिक टन इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट विनिर्माण शुरू करना है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट सबसे मजबूत तरह के परमानेंट मैग्नेट में से एक हैं और इलेक्ट्रिक वाहनों, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और डिफेंस एप्लीकेशन के लिए बहुत ज़रूरी हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना एकीकृत विनिर्माण सुविधा बनाने में मदद करेगी। इससे रोज़गार पैदा होगा, आत्मनिर्भरता मज़बूत होगी और 2070 तक नेट ज़ीरो हासिल करने के देश के कमिटमेंट को आगे बढ़ाया जाएगा। स्कीम का कुल समय अवार्ड की तारीख से सात साल होगा, जिसमें इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट विनिर्माण सुविधा बनाने के लिए दो साल का जेस्टेशन पीरियड शामिल है।

<u>आकाशवाणी उज्जैन</u>

प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में आज से आकाशवाणी का केंद्र से प्रसारण शुरू हुआ। इस केंद्र से श्रोता पहली बार मालवी बोली में समाचार सुन सकेंगे, जो क्षेत्रीय बोली और संस्कृति के संरक्षण को मजबूती देगा। पेश है एक रिपोर्ट

इन्हीं शब्दों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र से उद्घोषक

के तौर पर लोगों को संबोधित किया। यह अवसर था आकाशवाणी उज्जैन के नए केंद्र से प्रसारण के शुरू होने का। मुख्यमंत्री डॉ.यादव और सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज नए केंद्र के प्रसारण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से उज्जैन के कान अपने ही शहर से प्रसारित होने वाले आकाशवाणी के कार्यक्रमों की आवाज सुनने को तरस गए थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन के श्रोताओं का यह सपना आज साकार हुआ है।

सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि आकाशवाणी का उज्जैन केंद्र मालवी बोली और संस्कृति के प्रचार प्रसार में मदद करेगा।

बाइट- डॉ.एल मुरुगन, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री उज्जैन केंद्र से मालवी समाचारों का प्रसारण प्रतिदिन शाम 07 बजकर 20 मिनिट पर किया जाएगा। जिन्हें श्रोता उज्जैन के एफएम बैंड 102.5 मेगा हट्र्ज पर सुन सकेंगे।
उज्जैन से विपिन मिश्रा के साथ समाचार कक्ष से मैं राशिद अहमद

<u>आकाशवाणी महानिदेशक</u>

आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन ने उज्जैन आकाशवाणी केंद्र से स्थानीय प्रसारण की शुरुआत के अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और सूचना प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री जैन ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह इतिहास में अमर है ही साथ ही इस महान पावन अवसर पर आकाशवाणी उज्जैन से प्रसारण सेवा की शुरूआत के साथ हमारे लिये और भी यादगार बन गया है।

<u>श्रम कानून प्रतिक्रिया</u>

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने 4 नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। इंदौर में भी नए श्रम कानूनों को विशेषज्ञों और आम नागरिकों ने बेहद प्रगतिशील बताया है। गिग वर्कर के साथ एक साल नौकरी करने पर भी कर्मचारी ग्रेच्युटी का हकदार होगा, वहीं ओवरटाइम पर दोगुना वेतन देय होगा, लोगों इसे सकारात्मक और कर्मचारी हितेषी बताया है। नए श्रम कानून देश की जीडीपी वृद्धि में भी योगदान देंगे।

<u>संविधान दिवस</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित संविधान सदन

के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढी। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारतीय संसद विश्व के कई देशों के लिए एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संविधान दिवस पर संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, प्रदेश मे भी संविधान दिवस पर संविधान की प्रतिज्ञा ली गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'संविधान दिवस' की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को सदा याद रखना चाहिए कि संविधान केवल अधिकार नहीं देता है, बल्कि उसमें महान कर्तव्यों व अनुशासन की प्रेरणा भी है। विधानसभा के मानसरोवर सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री प्रतिमा बागरी समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। आगरमालवा और अशोकनगर छतरपुर, पन्ना, श्योपुर, रतलाम, कटनी समेत प्रदेश के सभी जिलों में संविधान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

<u>भावांतर योजना</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के देपालपुर से आज भावांतर योजना के तहत एक लाख 34 हजार किसानों के खातों में 249 करोड रुपए की राशि अंतरित की। इस दौरान डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में किसानों के कल्याण, उत्थान और आर्थिक समृद्धि के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यहां 264 करोड रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने देपालपुर और गौतमपुरा क्षेत्र के लिए ढाई हजार करोड रुपए के विकास कार्यों की घोषणा भी की।

<u>राज्यपाल-शिक्षा</u>

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका कमाना नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। श्री पटेल आज महू के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 16 शोधार्थियों को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की।

<u>इफ्फी</u>

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में गोवा की दो फ़िल्मों के प्रीमियर को दर्शकों ने खूब सराहा। वैमानिक - द पायलट में 1960 के दशक के गोवा में आए दो भाइयों की मार्मिक कहानी दिखाई गई है। निर्देशक नितीश पेरिस ने इस फ़िल्म को गोवा की ओर से दुनिया के लिए एक खुला प्रेम पत्र बताया। फिल्म में उन भावनाओं को दर्शाया गया है जो गोवा से आज भी जुड़ी हैं।

वहीं, युवा फ़िल्म निर्माता सोहम बेंडे द्वारा निर्देशित ज़ीरो बल्ब में उभरती गोवा प्रतिभाओं को दिखाया गया है। बेंडे ने सामूहिक सहयोग से कम बजट में फ़िल्म बनाने के बारे में अपने विचार साझा किए। गोवा एंटरटेनमेंट सोसाइटी की उपाध्यक्ष डेलिला लोबो ने कहा कि सार्थक विषय और सशक्त कहानी कहने की कला गोवा सिनेमा को सरकारी समर्थन और व्यापक मंच दिलाती रहेगी।

संक्षिप्त-समाचार

- रतलाम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों अनुसार वित्तीय वर्ष 2024 25 मे उल्लेखनीय प्रगति हेतु प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।
- शिवपुरी जिले में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर आज एडीआर भवन में बैंक तथा बीमा कंपनियों की बैठक आयोजित की गई।
- सतना लोकसभा अंतर्गत मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम और सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम मनकहरी में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं विधायक विक्रम सिंह ने किया।
- छिंदवाड़ा जिले के  तीन थाना क्षेत्रों में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है।

---------------------------------